YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 29.12.2016

HINDUSTAN

राष्ट्रीय वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता शुरू

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

आयोजन

- विजेता अबूधाबी की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा
- पहले दिन प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्ल्ड स्किल (वाइल्ड कार्ड) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

इसका आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र भारतीय कौशल परिषद्, राष्ट्रीय कौशल विकास एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की ओर से कराया जा रहा है। इसमें विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को अक्तूबर-2-17 में अबू धाबी में होने वाली 44वीं वर्ल्ड स्किल-2017 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। पहले दिन ईएसएससीआई और एनएसडीसी के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता के आयोजन में हर जरूरी मदद देने की बात कही। इस मौके पर वर्ल्ड स्किल्स इंडिया, एनएसडीसी के तकनीकी सलाहकार कर्नल रवि खरबंदा, ईएसएससीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश माथुर, वाईएस. सिंह, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने और संयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष मुनीष वशिष्ठ और डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया।

NEWS CLIPPING: 29.12.2016

PUNJAB KESARI

स्किल ओलंपिक के लिए वाईएमसीए विवि. में राष्ट्रीय प्रतियोगिता

फरीदाबाद, 28 दिसम्बर (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र भारतीय कौशल परिषद् (ईएसएससीआई) तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्ल्डस्किल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के आधार पर अबूधाबी में होने वाली 44वीं वर्ल्ड स्किल 2017 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वाईएमसीए संस्थान का कौशल विकास के क्षेत्र में अलग योगदान रहा है और विश्वविद्यालय विगत 47 वर्षों के औद्योगिक क्षेत्र में कुशल कार्यबल उपलब्ध करवाने में अग्रणीय रहा है। वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता को वैश्विक स्तर पर कौशल ओलंपिक के रूप में पहचाना जाता है जो प्रत्येक दो वर्ष बाद आयोजित होती है और इसमें विश्वभर से 1000 प्रतिभागी लगभग 50 अलग-अलग तरह की स्किल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। इस बार, यह प्रतियोगिता अक्तूबर, 2017 में आयोजित होगी, जिसमें भारतीय दल 26 स्किल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर वर्ल्ड स्किल्स इंडिया, एनएसडीसी के तकनीकी सलाहकार कर्नल रवि खरबंदा, ईएसएससीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश माथुर तथा औद्योगिक विशेषज्ञ सदस्यों में वाईएस सिंह, सभापति तथा नवीन कुमार भी उपस्थित थे तथा कार्यक्रम को संबोधित किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 29 December 2016
epaper.punjabkesari.in//c/15706566

NEWS CLIPPING: 29.12.2016

DAINIK JAGRAN

स्किल ओलंपिक के लिए वाईएमसीए में प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : अक्टूबर 2017 में आबूधाबी, दुबई में होने वाली 44वीं अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में चयन के लिए देशभर के आठ बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) प्रतिभागियों के बीच वाइएमसीए यूनिवर्सिटी में 29 दिसंबर को प्रतियोगिता कराई जाएगी। इन प्रतिभागियों को क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के आधार पर चुना गया है। प्रतिभागियों में वाइएमसीए विश्वविद्यालय से बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र केशव अग्रवाल भी शामिल है। इसके अलावा चेन्नई, नोएडा, रुड़की, कुरुक्षेत्र तथा दिल्ली से प्रतिभागी शामिल है।

इस प्रतियोगिता के आधार पर तीन प्रतिभागियों का चयन होगा जो आबूधाबी में होने वाली प्रतियोगिता के लिए भारतीय दल में सम्मिलित होंगे। उन्हे दस माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आबूधाबी में होने वाली प्रतियोगिता के लिए अभी तारीख तय नहीं हुई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कहा कि वाइएमसीए संस्थान का कौशल विकास के क्षेत्र में अलग योगदान रहा है। अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता को वैश्विक स्तर पर कौशल ओलंपिक के रूप में पहचाना जाता है। यह प्रत्येक दो वर्ष बाद आयोजित होती है और इसमें विश्वभर से 1000 प्रतिभागी लगभग 50 अलग-अलग तरह की स्किल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। इस बार प्रतियोगिता अक्तूबर, 2017 में आयोजित होगी, जिसमें भारतीय दल 26 कौशल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।